INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang	Department: Hindi	Class Work
LESSON- 10 रहीम के दोहे	Topic: Question Bank with Grammar	Note: अभ्यास पुस्तिका पर लिखना

अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 सच्चे मित्र की परख कब होती है?

उत्तर - उत्तर – सच्चे मित्र की परख विपत्ति पड़ने पर होती है|

प्रश्न-2 रहीम ने क्वार मास के बादलों को कैसा बताया है?

उत्तर- रहीम ने क्वार मास के बादलों को थोथा यानी बेकार गरजने वाला बताया है।

प्रश्न-3 संपत्ति अधिक होने पर क्या होता है?

उत्तर: संपत्ति अधिक होने पर लोग रिश्ते-नाते बनाने के लिए अनेक तरीके निकाल लेते हैं।

प्रश्न-4 जाल पड़ने पर पानी क्यों बह जाता है?

उत्तर- जाल पड़ने पर पानी बह जाता है क्योंकि वह मछलियों से सच्चा प्रेम नहीं करता है|

प्रश्न-5 किस प्रकार के व्यक्ति अपने इकट्ठे धन से दूसरों का भला करते हैं?

उत्तर- परोपकारी व्यक्ति अपने इकट्ठे धन से दूसरों का भला करते हैं|

प्रश्न-6 कौन से महीने में बादल सिर्फ गरजते हैं,बरसते नहीं हैं?

उत्तर- अश्विन महीने में बादल सिर्फ गरजते हैं,बरसते नहीं हैं|

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 सच्चे मित्र की क्या विशेषता होती है?

उत्तर- सच्चा मित्र सदैव मार्गदर्शक होता है, सच बोलता है, प्रत्येक कार्य में सहयोगी होता और संकट के समय मित्र का साथ नहीं छोड़ता।

प्रश्न-**2** ‘जल को मछलियों से कोई प्रेम नहीं होता’ इसका क्या प्रमाण है**?**

उत्तर- जल को मछलियों से कोई प्रेम नहीं होता। इसका यह प्रमाण है कि मछलियों के जाल में फँसते ही जल उन्हें अकेला छोड़कर आगे बह जाता है।

प्रश्न-3 सज्जन और विद्वान के संपत्ति संचय का क्या उद्देश्य होता है?

उत्तर- सज्जन और विद्वान संपत्ति का अर्जन दूसरों की भलाई के लिए करते हैं। उनका धन हमेशा दूसरों की भलाई में खर्च होता है।

प्रश्न-4 कंगाल होने के बाद अमीर व्यक्ति क्या करते है?

उत्तर– कंगाल होने के बाद अमीर व्यक्ति अपने पिछले समय की बड़ी-बड़ी बातें करते रहते हैं, जिनका कोई मूल्य नहीं होता है।

प्रश्न-5 रहीम जी मनुष्य को धरती के माध्यम से क्या सीख देना चाहते हैं?

उत्तर- रहीम जी मनुष्य को धरती के माध्यम से सीख देना चाहते हैं कि जैसे धरती सरदी, गरमी व बरसात सभी ऋतुओं को समान रूप से सहती है, वैसे ही मनुष्य में भी अपने जीवन में सुख-दुख को सहने की क्षमता होनी चाहिए।

दीर्घ प्रश्न - मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न-1 हमें वृक्ष और सरोवर से क्या शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए?

उत्तर- हमें वृक्ष और सरोवर से परोपकार करने की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। वृक्ष और सरोवर निस्वार्थ भाव से दूसरों की भलाई करते हैं। उसी प्रकार हमें दूसरों की भलाई निस्वार्थ भाव से करनी चाहिए।

प्रश्न-2 रहीम जी ने क्वार के बादलों की तुलना किससे और क्यों की है?

उत्तर- रहीम जी ने क्वार के बादलों की तुलना उन लोगों से की है जो धनवान से निर्धन हो चुके हैं। वैसे लोग जब उन दिनों की बात करते हैं, जबकि वे धनी तथा सुखी थे, तो उनकी बातें पूर्णतः क्वार के बादलों की तरह खोखली गरज जैसी होती है। क्वार के बादल केवल गरजते हैं, बरसते नहीं| उसी प्रकार धनी लोग निर्धन होकर केवल अपनी अमीरी की बातें ही करते हैं।

व्याकरण भाग

प्रश्न 1 – दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए|

1. बलवान x कमज़ोर
2. सच x झूठ
3. धरती x आकाश
4. काल x अकाल
5. धनी x निर्धन
6. शीत x घाम
7. तरल x ठोस
8. स्वच्छ x दूषित

प्रश्न-2- भाववाचक संज्ञा बदलिए|

1. काला + पन = कालापन
2. निपुण + ता = निपुणता
3. एक + ता = एकता
4. पात्र + ता = पात्रता
5. मम + त्व = ममत्व
6. अच्छा + आई = अच्छाई
7. नजदीक + ई = नजदीकी
8. थक (ना) + आवट = थकावट

प्रश्न-3- दिए गए वाक्यों के लिंग बदलकर लिखिए|

1. मालिक बगीचे में खड़ा है| - मालकिन बगीचे में खड़ी है|
2 सेठजी दुकान में बैठे हैं| - सेठानी जी दुकान में बैठी हैं|
3. मेरा पड़ोसी बहुत अच्छा है| - मेरी पड़ोसिन बहुत अच्छी है|
4. बालक छत पर सो रहा है| - बालिका छत पर सो रही है|
5. कमरे में एक पुरुष बैठा है| - कमरे में एक महिला बैठी है |
6. दादा जी खाना खा रहे हैं| - दादी जी खाना खा रही हैं|